
## वर्षों बाद भीषण ओला वृष्टि मौसम विभाग ने पहले ही दिए थे संकेत

# मरवाही सहित दर्जन भर गांव में भारी ओलावृष्टि

### आम गेहूं सब्जी की फसल को भारी नुकसान

### सड़क में बर्फ की चादर बिछी, कश्मीर का नजारा पहली बार इलाके में देखने को मिला



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 मार्च ( देशबन्धु )। मरवाही में आज दोपहर बाद जमकर ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई ,जिससे आम, सब्जी सहित गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, हालांकि, मौसम विज्ञान विभाग रायपुर ने पहले ही आगामी चार दिनों में मौसम में भारी बदलाव के संकेत दे दिए थे। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर का पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 04 दिनों में मेघगर्जन एवं वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि की चेतावनी जारी कर दी गई थी, पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के अलग अलग जिलों में मौसम में भारी बदलाव के संकेत दिए थे,प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग संभाग के सभी जिलों के एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वर्षा तथा अंधड़ चलने की संभावना है, बताई गई थी,मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर ने इससे मोसम के परिर्वतन से होने वालें जन हानि पशु हानि से बचने लिऐ उपाय भी जारी किए थे,गड़गड़ाहट सुनने के बाद घर के अंदर जाए या सुरक्षित पक्के आश्रयों की तलाश करें , अगर कोई आश्रय उपलब्ध नहीं हैं तो तुरंत उखड़ू बैठ जाएं।

घॉस–फूस की झोपड़ियों और एसबेस्टस की छत वाले घरों को नुकसान । घर के छप्पर उड़ सकते हैं।अधूरे बंधे धातु की चादरें उड़ सकती हैं।

**पेड़ों के नीचे आश्रय न ले।**
**बिजली/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग न करें।**
**बिजली की लाईनों से दूर रहें।**

कृषि मंडियों में खुले में रखे हुए उत्पार्टी को भीगने से बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर भंडार करे।ओलावृष्टि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए बागवानी एवं सब्जी की फसलों में उपलब्धता के आधार पर एंटि हेल नेट का उपयोग करे। प्रदेश के पेंड्रा, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, बेमेतरा तथा कबीरधाम जिलों में एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना बताई थीं , पूर्वानुमान के अनुसार आज मरवाही सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जमकर ओलावृष्टि गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई है जिससे आम चना, टमाटर ,हरी, सब्जियां एवं गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है खुले में ईट भट्टा बनाने वाले लोगों को भारी क्षति हुई है। वही बड़ी आंधी के साथ कई इलाकों में बिजली व्यवस्था बाधित हुई है हालांकि अब तक कोई बड़ी पशु या जनहानि की सूचना नहीं मिली है आने वाले 24 घंटे में बारिश के साथ ओलावृष्टि और हो सकती है। हालांकि ओला वृष्टि और बारिश से मौसम ने बढ़ते पारे पर कुछ कमी लाई है सामान्य से 3 से 5 डिग्री तापमान कम हुआ है

# नशे के खिलाफ जीपीएम पुलिस की लगातार कार्रवाई

### गांजा तस्कर को जीपीएम पुलिस ने किया गिरफ्तार

### 06 किलो 60 ग्राम गांजा एवं एक मोटर साइकल, एक मोबाइल हैंडसेट कुल कीमती 88,270 रुपये जप्त



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 मार्च ( देशबन्धु )। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के जिले में पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में अवैध नशे कारोबार करने वाले एवं जुए सट्टे पर नकेल लगाने के सक्त निर्देश दिए थे जिस पर कार्यावजी शुरु हो गई है, थाना पेंड्रा में कुल 06 किलो 60 ग्राम अवैध मादक द्रव्य की तस्करी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है।

थाना प्रभारी पेंड्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल क्रमांक छ्त्र 10 0963 जिल्दा से कुदरी की ओर गांजा रखकर जा रहा है थाना प्रभारी पेंड्रा द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित किया गया । थाना पेंड्रा एवं साइबर सेल की टीम के द्वारा झाबर रेलवे पुल के पास नाकाबंदी कर आ रहे मोटर साइकिल क्रमांक CG 10 AU 0963 को नाकाबंदी कर चेक किया गया जो कि आरोपी के कब्जे से 6.60 किलोग्राम गांजा मिला । नारकोटिक्स एक्ट के तहत की जाने वाली कार्यवाही का पालन करते हुए विधिवत कार्यवाही कर उक्त मोटर साइकिल एवं गांजा तथा 01 नग मोबाइल, कुल कीमती 88,270 रुपये को जप्त कर आरोपी को धारा 20 (B) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नवीन बोरकर, उपनिरी. बुधराम साहू आर. विकास पांडेय और साइबर सेल से उप निरी सुरेश ध्रुव सउनि. मनोज हनोतिया, प्र.आर.चौपाल कश्यप, आर. राजेश शर्मा, आर. सुरेन्द्र विश्वकर्मा, आर. महेंद्र परस्ते आर. दुष्यंत मसराम की भूमिका महत्वपूर्ण रही ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**एसबीआई 21 तक सारी जानकारी ...**

हरीश साल्वे ने सभी विवरण देने पर सहमति जताई और कहा, हम हर जानकारी हासिल करेंगे। एसबीआई कोई भी जानकारी छिपाकर नहीं रख रहा है। हम बांड नंबर देंगे। हालांकि, अदालत ने 12 अप्रैल 2019 को अपने अंतरिम आदेश से पहले 2018 में योजना के शुरू होने के बाद से जारी किए गए सभी बांडों के प्रकटीकरण से संबंधित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, हमारे फैसले में, हमने एक सचेत निर्णय लिया है कि कट–ऑफ तारीख अंतरिम आदेश की तारीख होनी चाहिए। हमने वह तारीख इसलिए ली, क्योंकि यह हमारा विचार था कि एक बार अंतरिम आदेश सुनाए जाने के बाद सभी को नोटिस दिया गया था।

**हम कानून के शासन द्वारा शासित है**

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राजनीतिक दलों की साजिश और सोशल मीडिया में शुरू की गई सूचनाओं को तोड़–मरोड़ कर पेश करने को उजागर करने की मांग की, क्योंकि अदालत से पहले भी लोग कथित तौर पर अदालत को शर्मिंदा करने के लिए प्रेस साक्षात्कार देने लगे हैं। हालांकि, पीठ ने कहा, हम कानून के शासन द्वारा शासित हैं। हमारा इरादा केवल खुलासा करना था।

**हिमाचल के छह अयोग्य विधायकों को ...**

सकती है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य घोषित विधायकों का पक्ष वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने रखा। उन्होंने अदालत से विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। दूसरी ओर, वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने विधानसभा अध्यक्ष का पक्ष रखा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई छह मई 2024 को करेगी।

**डूंगरपुर मामले में आजम खान को ...**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीतापुर जेल से पेशी हुई। आजम खान को आईपीसी की धारा 427, 504, 506, 447 और 120बी के तहत दोषी करार दिया गया था। साल 2019 में रामपुर की डूंगरपुर बस्ती में एक जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से घुसे आरोपियों ने जमकर हंगामा किया था। आरोप है कि उन्हें घर से निकाल दिया गया और पैसे–सामान लूट लिए गए। यूपी में भाजपा सरकार आने के बाद जमीन के मालिक एहतेशाम ने आजम खान सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इसमें आजम खान को आपराधिक साजिश रचने का दोषी माना गया, जबकि बाकी तीन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, धमकाने और डकैती जैसे गंभीर दोष सिद्ध हो चुके हैं।

**प्रदेश में आंधी–बारिश के साथ ...**

काफी देर तक बिजली गुल होने की समस्या भी लोगों को उठानी पड़ी। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने बारिश और ओला वृष्टि का पूर्वानुमान पहले ही बताकर अलर्ट जारी कर दिया था। कई इलाकों में जमकर हुए ओला वृष्टि के कारण खेत में खड़े गेंहू की फसल और सब्जी को नुकसान होने के साथ ही मुनगा और आम की पैदावार पर काफी प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि ओला की मार से मुनगा के फूल और आम के बौर झड़ गए।

अचानक ओला वृष्टि से बड़ी संख्या में पक्षियों की भी मौत हो गई है। वहीं तेज हवा के कारण बिजली की समस्या भी देखने को मिली। ग्राम मडवाही निवासी अनिल साहू और ग्राम ऐंठी के शिक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि दोपहर को बारिश के साथ जमकर ओला वृष्टि हुई। ओला इतना ज्यादा गिरा कि चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रहे थे। इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओला वृष्टि के चलते तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है।

**किसानों की चिंता ...**

खरीफ बीमा का लाभ मिलेगा कि नहीं। क्योंकि पिछले पांच वर्षो से खरीफ फसल का बीमा निर्धारण एक अलग ही प्रक्रिया से किया जा रहा है। अचानक मौसम में बदलाव को देखते हुए कृषि विभाग को अपने सभी कर्मचारी को क्षेत्र में जाकर बारिश से हुए नुकसान की जांच करे एवं उसकी जानकारी अपने आला अधिकारी को सूचित करे।

**तमिलनाडु में कांग्रेस 9 सीटों पर ...**

मायलादुथुराई, शिवगंगा, कुड्डालोर, करूर, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली, कृष्णागिरी और कन्याकुमारी। कांग्रेस ने इस बार कुड्डालोर, तिरुनेलवेली और मायलादुथुराई से अरणी, तिरुचि और थेनी सीटें बदली हैं। कांग्रेस पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र सीट पर भी चुनाव लड़ेगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक : 110/06/टीएफपी/ 24-25 दिनांक:13.03.2024
कार्य का नाम: WAG-7 लोकोमोटिव के लिए 5400 केवीए ट्रांसफार्मर का पुनर्वास। निविदा मूल्य: रु. 33,62,156/- अग्रिम राशि: रु. 67,300/- निविदा दस्तावेज मुख्य लागत: शून्य। निविदा और समय की समाप्ति तिथि: 15:00 Hr. on 10.04.2024. इस निविदा के खिलाफ मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह के किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण, कृपया Sr.DME(D)/DLS/SECR/ रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/डी एल एस/ आर
पीआर/आर/डीएलएस/एपी/281
South East Central Railway @secrail

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, GIRIDHARI LAL SHARMA S/O CHATURBHUJ SHARMA resident of KONARK AUTO CENTRE, JINDAL ROAD, RAIGARH, WARD 4, RAIGARH 496001 (C.G.) have changed my old name GIRIDHARI LAL SHARMA S/O CHATURBHUJ SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is GOURI SHANKAR SHARMA S/O CHATURBHUJ SHARMA in all Government and other documents.
**GOURI SHANKAR SHARMA**
KONARK AUTO CENTRE, JINDAL ROAD, RAIGARH, WARD 4, RAIGARH 496001 (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, UMA DEVI SHARMA W/O GIRIDHARI LAL SHARMA resident of KONARK AUTO CENTRE, JINDAL ROAD, RAIGARH, WARD 4, RAIGARH 496001 (C.G.) have changed my old name UMA DEVI SHARMA W/O GIRIDHARI LAL SHARMA so in future I should be recognized by my new name that is SAVITRI SHARMA W/O GOURI SHANKAR SHARMA in all Government and other documents.
**SAVITRI SHARMA**
KONARK AUTO CENTRE, JINDAL ROAD, RAIGARH, WARD 4, RAIGARH 496001 (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, VINOD KUMAR AGRAWAL S/O RAMNIVAS DHANUKA resident of DHANUKA BHAWAN WARD NO.-9, VIP CITY COLONY GARDEN KE SAMNE JANJGIR JANJGIR- CHAMPA (C.G.) have changed my old name VINOD KUMAR AGRAWAL S/O RAMNIVAS DHANUKA so in future I should be recognized by my new name that is VINOD KUMAR DHANUKA S/O RAMNIVAS DHANUKA in all Government and other documents.
**VINOD KUMAR DHANUKA**
DHANUKA BHAWAN WARD NO.-9, VIP CITY COLONY GARDEN KE SAMNE JANJGIR JANJGIR- CHAMPA (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, POOJA AGRAWAL W/O VINOD KUMAR AGRAWAL resident of DHANUKA BHAWAN WARD NO.-9, VIP CITY COLONY GARDEN KE SAMNE JANJGIR JANJGIR- CHAMPA (C.G.) have changed my old name POOJA AGRAWAL W/O VINOD KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is POOJA DHANUKA W/O VINOD KUMAR DHANUKA in all Government and other documents.
**POOJA DHANUKA**
DHANUKA BHAWAN WARD NO.-9, VIP CITY COLONY GARDEN KE SAMNE JANJGIR JANJGIR- CHAMPA (C.G.)

**शपथ पत्र**
मैं अनिता बैरागी उम्र 50 वर्ष पति श्री एल चंद बैरागी जाति बैरागी निवासी सेमीपाली तह. व जिला कोरबा (छ ग) का निवासी होकर निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं।
1 यह कि मेरे नाम से SBI भारतीय स्टेट बैंक शाखा उरगा में खाता खोला गया जिसका खाता क्रमांक 33326497429 है।जिसमे मेरा नाम अनिता वैष्णव दर्ज है।
2 यह कि मेरा आधार कार्ड, पेन कार्ड, अन्य दस्तावेज में अनिता बैरागी के नाम से दर्ज चला आ रहा है। एवं इसी नाम से लिखा पढ़ा व जाना जाता है। अनिता बैरागी एवम अनिता वैष्णव ये दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। अर्थात मेरा ही नाम है। खाता में अनिता बैरागी के नाम से दर्ज करना चाहती हूं।
3 यह कि SBI 33326497429 में नाम सुधार कराना चाहती हूं। अनिता वैष्णव के स्थान पर मैं खाता में अनिता बैरागी के नाम दर्ज कराना चाहती हूं।
4 यह कि SBI उरगा शाखा के खाता में नाम सुधार करने के संबंध निस्पादित कर रही हूं जिसे संबंधित बैंक में प्रस्तुत करना चाहती हूं।
**शपथ कर्ता**
**अनिता बैरागी**
**सेमीपाली, कोरबा (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**
क्रमांक/कार्यालय/रा.नि./क्यू./ 20.....
कोनी, दिनांक 15/03/2024
प्रति,
1. जैनेन्द्र कुमार सिंह, 2. अशोक अग्रवाल, 3. उषा अग्रवाल, 4. सोनिया हरियानी।
विषय:– सीमांकन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम सेंदरी प.ह.नं. 09 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला–बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 418/1 रकबा क्रमशः 5.304 के सीमांकन हेतु छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।
संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 20/3/2024 को समय 02:00 से 5.00 बजे के बीच किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि व समय में उपस्थित रहें उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
**राजस्व निरीक्षक कोनी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**Format C-7**

*(for political parties to publish in the newspapers ,social media platforms & website of the party)*

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011).*

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**
Name of the Election: LOK-SABHA
Name of State: CHHATTISGARH
(1) Name of the Constituency – RAIPUR
Name of the candidate – Shri Brijmohan Aggarwal

| S. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC-S. 500,501 |
| | b. | Case no. | 1. CC. NO. 02/2003 |
| | c. | Name of the Court | 1. Sessions court, Raipur |
| | d. | Whether charges have been Framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information Required to be given | NA |
| 2. | The reason for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls(not more Than 100words) | | Sri Brijmohan Aggarwal is highly dedicated politician and social worker who devoted his complete life for the benefit of common man and society at large. He is having immense public support which is result of his dedicated social work towards public of Chhattisgarh more particularly, Raipur. As a result he continuously won assembly elections and now it appears appropriate to afford him responsibility of Member of Parliament so that better representation of people of Chhattisgarh may be forwarded towards nation's democracy. No other candidate appears more appropriate as compared to him for better representation of people of Raipur. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | The criminal allegations against Sri Brijmohan Aggarwal are raise with ulterior motives by the complainants and political; opponents to defame his reputations. The alleged offence is also not of serious nature moreover Sri Brijmohan Aggarwal is highly dedicated politician and social worker who devoted his complete life for the benefit of common man and society at large. He is having immense public support which is result of his dedicated social work towards public of Chhattisgarh more particularly, Raipur. No other candidate appears more appropriate as compared to him for better representation of people of Raipur. |

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency

(STATE OFFICE, BHARATIYA JANATA PARTY-CHHATTISGARH)
(Signature of office bearer of the Political Party)

**Format C-7**

*(for political parties to publish in the newspapers ,social media platforms & website of the party)*

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.

*(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011).*

Name of Political Party: **BHARATIYA JANATA PARTY**
Name of the Election: LOK-SABHA
Name of State: CHHATTISGARH
(2) Name of the Constituency – RAJNANDGAON
Name of the candidate – Shri Santosh Pandey

| S. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of the offences | 1. IPC-S.147,148,149,109,353,332,153A,186,188,295,427,120B,144,152,440,452,455,295 |
| | b. | Case no. | 1. CC. NO. 135/2022 |
| | c. | Name of the Court | 1. Chief Judicial Magistrate, Kawardha (C.G.) |
| | d. | Whether charges have been Framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | NA |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NA |
| | g. | Any other information Required to be given | NA |
| 2. | The reason for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls(not more Than 100words) | | The alleged offence against Shri Santosh Pandey are raised as a consequence of political agitation led by him against arrogant acts of previous Congress Govt. He is highly dedicated politician and social worker and have immense public support which is result of his dedicated social work towards public of Rajnandgaon. By nature he is a soft spoken and law abiding person.He appears appropriate for responsibility of Member of Parliament for the better representation of people of Chhattisgarh and forwarded towards nation's democracy. No other candidate appears more appropriate as compared to him for better representation of people of Rajnandgaon. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | The criminal allegations against Sri Santosh Pandey are raise with ulterior motives by the previous Congress Govt to suppress a public agitation being led by him. Sri Santosh Pandey is by nature a soft spoken and law abiding person. He is highly dedicated politician and social worker who devoted his complete life for the benefit of common man and society at large. He is having immense public support which is result of his dedicated social work towards public of Chhattisgarh more particularly, Rajnandgaon. No other candidate appears more appropriate as compared to him for better representation of people of Rajnandgaon. |

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

(STATE OFFICE, BHARATIYA JANATA PARTY-CHHATTISGARH)
(Signature of office bearer of the Political Party)

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

मंगलवार 19 मार्च 2024

उल्टा पुल्टा

लड़की: मैं शादी के बाद तुम्हारे सब दुःख बाँट लुंगी।

लड़का: पर मैं दुखी कहाँ हूँ?

लड़की: मैं शादी के बाद की बात कर रही हूँ।



# कलेक्टर ने नोडल अफसरों की बैठक लेकर की लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा

- **चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यों के लिए 26 नोडल अफसर नियुक्त**
- **एफएसटी टीम को सी-विजिल एप्प का दिया गया प्रशिक्षण**




बिलासपुर, 18 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने एक-एक नोडल अधिकारी को उनके काम-काज के दायित्व से अवगत कराया और आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुरूप समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। चुनाव संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यों को सम्पन्न करने के लिए जिले में 26 नोडल अफसर नियुक्त किये गये हैं। आचार संहिता के प्रभावशील होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने वाले अनफयेर गतिविधियों की रोकथाम के लिए एफएसटी टीम को सक्रिय कर दिया गया है।

कलेक्टर श्री शरण ने कहा कि अधिकांश नोडल अफसर लगभग तीन माह पहले संपन्न विधानसभा चुनाव में काम कर चुके हैं। उन्हें इस दफा भी उसी तरह के काम सौंपे गये हैं ताकि उनके अनुभव का लाभ मिल सके। मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, ईव्हीएम प्रबंधन एवं सामग्री वितरण एवं वापसी की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त अमित कुमार को सौंपी गई है। चुनाव कार्य के लिए जनप्रबंधन एवं स्वीप गतिविधियों की जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य से हटाने के लिए यदि उचित कारण लगता हो तो पहले से उन्हें मुक्त कर दिया जाना चाहिए।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों को ज्यादा फोकस करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपने टीम के अन्य सदस्यों की बैठक बुलाकर उन्हें प्रशिक्षित करने को कहा है। चुनाव को प्रभावित करने वाले अनफेयर गतिविधि जैसे नगद एवं सामग्री वितरण कार्य की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता टीमें आज से सक्रिय हो गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन-तीन टीमें लगाई गई हैं।

आठ-आठ घण्टे की बारी-बारी से टीमें चौबीसों घण्टे लगातार सतर्क रहेंगी। राजनीतिक कार्यों में प्रलोभन दिये जाने के उद्देश्य से नगद, शराब अथवा सामग्री वितरण की शंका होने पर टीमें छापा मारकर कार्रवाई करेंगी। यदि किसी पीड़ित को लगे कि उनकी सामग्री एवं नगद के प्रमाण हैं, तो वह जिला स्तरीय सामग्री रिलिजिंग कमेटी के समक्ष अपील कर सकता हैं।

आयोग की सी-विजिल एप्प में मिली शिकायतों पर भी एफएसटी टीमें कार्रवाई करेंगी। टीम के सदस्यों को सी-विजिल एप्प का प्रशिक्षण भी इडीएम आफताब अहमद खान द्वारा दिया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान, एडीएम आर ए कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## संपादकीय

### सुरक्षित बनें पुल-पुलिया

*वैसे तो छत्तीसगढ़ में सड़कों के साथ-साथ नदियों-नालों पर पुल और पुलिया भी बड़ी संख्या में बनी हैं लेकिन अभी भी उनमें से अनेक ऐसे हैं जो बेहद असुरक्षित हैं। उनमें कई तरह की कमियां हैं, जिनमें से ज्यादा गम्भीर है रेलिंग का अभाव या उनका संकरा होना। इसके चलते अक्सर इन पर गम्भीर हादसे होते रहते हैं। इनमें से अधिकतर ग्रामीण इलाकों में हैं। इनके बारे में अक्सर गांववासियों द्वारा शिकायतें तो होती हैं लेकिन उनकी दिक्कतों को दूर करने की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। इसका कारण वित्त सम्बन्धी सीमा हो सकती है परन्तु उन पुल-पुलिया को सुरक्षित करने के कदम तत्काल उठाये जाने चाहिये जिन पर हादसों की गुंजाइशें बहुत ज्यादा हों। यह सही है कि सार्वजनिक निर्माण के लिये बड़ी राशि की ज़रूरत पड़ती है और राज्य भर में इतनी बड़ी संख्या में पुल-पुलिया हैं जिनकी मरम्मत आवश्यक होगी या वहां नये निर्माणों की ज़रूरत होगी, तो उनके लिये बहुत बड़ा बजट चाहिये होगा। फिर भी, सरकार देखे कि क्या उपाय किये जा सकते हैं।*

*रविवार को सिमगा-बेमेतरा मार्ग पर कामता गांव के पास बने पुराने पुल से एक बस नीचे गिर गयी जिसमें बैठे 28 यात्री घायल हो गये। इनमें से 8 की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिन्हें रायपुर के अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया है। हादसे का कारण यही है कि वह पुल संकरा तो है ही, उस पर रेलिंग भी नहीं है। जब बस पुल पार कर रही थी तो एक गाय बीच रास्ते आ गयी जिसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस पर से अपना नियंत्रण को दिया। इसके चलते बस नीचे नदी में जा गिरी। ऐसे अनेक पुल एवं पुलिया प्रदेश में मिल जायेंगे जो खतरनाक हो चुके हैं। कुछ जगहों पर तो नये पुल बन गये हैं लेकिन लोग पुराने पुलों व पुलियों का इस्तेमाल करते हैं। उनमें से अनेक ऐसे बहुत कमजोर हो चले हैं लेकिन उन पर यातायात जारी रहता है। यह सही है कि विरासत के संरक्षण के नाम पर कुछ पुराने पुलों को बचाकर रखा गया है लेकिन उन्हें सुरक्षित किया जाना चाहिये। अधिक से अधिक उनका इस्तेमाल तफ़रीह करने या सामाजिक मेल-मिलाप के रूप में होना चाहिये लेकिन अगर उन पर से वाहन चलते रहें तो दुर्घटनाएं होनी लाजिमी हैं।*

*सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग को चाहिये कि राज्य के सभी पुल-पुलिया का वह ऑडिट करे और देखे कि वे सुरक्षित कैसे हों। जिनमें रेलिंग या सुरक्षा दीवारें नहीं है या खराब हो गयी हैं, तो उन्हें लगाया या बदला जाये। जिनकी मरम्मत की ज़रूरत है तो वह काम भी तत्काल पूरा किया जाना चाहिये। इस समय नदियों-नालों में पानी नहीं है इसलिये उनकी मरम्मत हो सकती है। लोगों की सुरक्षा को प्रथमिकता दी जानी चाहिये।*

## सार-संक्षेप

### विकास कार्यों में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है-साव



**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। बिलासपुर जिला उद्योग संघ की ओर से शहीद चौक स्थित उद्योग भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस पूरे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन डिप्टी सीएम अरुण साव रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और उद्योग संघ के बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। जिला उद्योग संघ इकाई ने डिप्टी सीएम और विधायक धरम लाल कौशिक का गज माला से स्वागत सम्मान किया। इसके बाद सभी को शॉल श्रीफल और फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा ने प्रदेश और जिले की औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली कठिनाई और समस्याओं को डिप्टी सीएम के समक्ष रखा। डिप्टी सीएम ने कहा कि बिलासपुर का विकास किसी हाल में नही रुकेगा। वहीं शत प्रतिशत औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली समस्याओं का भी जल्द निराकरण किया जायगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सहित बिलासपुर के विकास कार्यों में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वे हमेशा से ही उद्योग संघ के कार्यक्रम में आते रहते है। उद्योगपतियों ने उनसे जो भी मांग की है सभी पूरी की जायेगी साथ ही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा।

### बाजारों में सज चुकी है ऑर्गेनिक रंगों, पिचकारियों और मुखौटों से दुकानें



**बिलासपुर,**18 मार्च (देशबन्धु)। पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला होली का त्यौहार अब नजदीक आ गया है। आने वाले 25 मार्च को होली का त्यौहार मनाया जाएगा। रंगों के त्यौहार की तैयारी में बाजार भी रंगीन हो गए हैं। रंग गुलाल पिचकारियों की दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं पिछली बार के मुकाबले इस बार कई अलग-अलग तरह के रंग बाजार में आए हैं। खुशबूदार ऑर्गेनिक रंगों की कई वैरायटी इस बार देखने को मिल रही हैं। बच्चों के इस पसंदीदा त्योहार में पिचकारियों का बहुत क्रेज होता है। इस बार भी हमेशा की तरह होली की दुकानों में कई अलग-अलग तरह की पिचकरिया देखने को मिल रही हैं अलग-अलग तरह के मुखौटे भी बाजार का आकर्षण बन रहे हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करें आयोजित- सीईओ जिला पंचायत

### जिला स्वीप कोर समिति की बैठक



**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। जिला स्वीप कोर समिति की बैठक स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करवाने के निर्देश समिति के सदस्यों को दिए।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सीईओ श्री चौहान ने निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रवार स्वीप के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाए। उन्होंने विधानसभावार ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हाकिंत करने कहा जहां मतदान का प्रतिशत कम था। सीईओ ने नए मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं, दिव्यांगों और तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री चौहान ने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' का लोकतंत्र में विशेष महत्व है। उन्होंने स्वीप कलैण्डर के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार करें। श्री चौहान ने स्कूलों और कॉलेज में नारा लेखन, रंगोली, वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां करने कहा। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष सेल्फी बूथ बनाने के निर्देश दिए। सफाई कर्मियों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाने कहा। इसके अलावा होर्डिंग्स, डिस्पले बोर्ड, साईकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी के जरिए भी स्वीप गतिविधियां का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

### गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना

**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी विदर्भ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण तमिलनाडु से पश्चिमी विदर्भ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका झारखंड से उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में कल अनेक के स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

# हावड़ा-मुंबई सेंट्रल के मध्य होली स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**बिलासपुर** , 18 मार्च (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए हावड़ा-मुंबई सेंट्रल के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिये किया जा रहा है । यह ट्रेन हावड़ा से 08843 नंम्बर के साथ तथा मुंबई सेंट्रल से 08844 नम्बर के साथ चलेगी । गाड़ी संख्या 08843 हावड़ा-मुंबई सेंट्रल, होली स्पेशल हावड़ा से दिनांक 25 मार्च, 2024 (सोमवार) तथा 08844 मुंबई सेंट्रल-हावड़ा, होली स्पेशल मुंबई से 27 मार्च 2024 (बुधवार) को छुटेगी । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग व गोंदिया स्टेशनों पर इन दोनों गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है 7 जहां से यात्री इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे ।



### सांतरागाछी-हुबली जंक्शन के मध्य होली स्पेशल ट्रेन

रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान गाड़ियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए सांतरागाछी-हुबली के मध्य होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन एक फेरे के लिये किया जा रहा है । यह ट्रेन सांतरागाछी से 08840 नंम्बर के साथ तथा हुबली से 08841 नम्बर के साथ चलेगी । गाड़ी संख्या 08840 सांतरागाछी-हुबली, होली स्पेशल सांतरागाछी से दिनांक 27 मार्च, 2024 (बुधवार) को तथा 08841 हुबली-सांतरागाछी, होली स्पेशल हुबली से 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को छुटेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर व गोंदिया स्टेशनों पर इन दोनों गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव दिया गया है ।

# मुद्रकों एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक



**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मुद्रकों एवं प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की बैठक ली।

उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान प्रकाशित प्रचार सामग्री के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए इनका हरहाल में पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाशित सामग्री में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम एवं पता हरहाल में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। प्रकाशन उपरांत मुद्रक अथवा प्रेस संचालक को घोषण पत्र एवं प्रकाशित सामग्री प्रकाशन के तीन दिनों के भीतर 04 प्रतियों में स्थानीय जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करना होगा। सीईओ ने यह भी बताया कि ऐसी सामग्री के मुद्रण से स्पष्ट मना कर दें जो लोगों के बीच भेदभाव एवं अलगाव को बढ़ावा दे। मुद्रित सामग्री तथा घोषण के साथ प्रिन्ट कागजातों की प्रतियों की संख्या तथा मुद्रण के लिए वसूल की गई कीमत का ब्यौरा मुद्रक को जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा। नियमों का उल्लंघन किए जाने पर अधिकतम 06 माह का कारावास एवं 2 हजार रूपये का जुर्माना दण्ड स्वरूप भुगतना पड़ेगा। बैठक में बड़ी संख्या में प्रिंटर्स एवं प्रेस संचालक मौजूद थे।

# महिला एवं बाल विकास के 14 में से 10 कर्मचारी नदारद

- **कलेटर ने निरीक्षण कर थमाया शो कॉज नोटिस**






**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय कार्यालयों के आकस्मिक निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर अवनीश शरण ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय का निरीक्षण किया। करीब साढ़े 10 बजे कलेक्टर ने ओल्ड कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी कार्यालय में दबिश दी। उपस्थिति पंजी में दर्ज कुल 14 कर्मचारियों में से 10 कर्मचारी नदारद पाये गये। परियोजना अधिकारी दीप्ति पटेल स्वयं इस समय तक कार्यालय नहीं पहुंची थी। किसी का अवकाश आवेदन भी नहीं था। कलेक्टर ने अनुपस्थित 10 कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं होने के लिए शो कॉज नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति पटेल, कार्यालय अधीक्षक आरपी परिहार, सहायक ग्रेड दो अनिल मिश्रा, सहायक ग्रेड दो जीआर साहू, सुपरवाईजर श्रीमती पूर्णिमा उपाध्याय, सुपरवाईजर श्रीमती स्वधा पाण्डे, सहायक ग्रेड तीन श्रीमती अंजना वासिंग, भृत्य दुर्गेश सिंह एवं ज्वाला सिंह शामिल हैं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी तारकेश्वर सिन्हा को कार्यालय की व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# पुणे में बेसबाल का मुकाबला, 22 को जाएगी एयू की महिला टीम

**बिलासपुर,** 18 मार्च (देशबन्धु)। पुणे स्थित सावित्री बाई फुले यूनिवर्सिटी में 24 से 28 मार्च तक आल इंडिया महिला बेसबाल टूर्नामेंट होगा। इस प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की टीम भी भाग लेगी। टीम की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में 48 टीमें भाग लेंगी। जिनमें अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की टीम भी शामिल है। प्रतियोगिता की तिथि पहले ही जारी कर दी गई थी। इसी को देखते हुए सभी विश्वविद्यालय को टीम घोषित करने का निर्देश दिया गया था। इसी के तहत यहां चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा के लिए चयन समिति भी बनाई गई थी। समिति के सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा। जिनका प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा। उन्हें ही टीम में शामिल किया गया है। अब चयन समिति ने चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। जिनमें डीपी विप्र की भूमिका, शशि, प्रतिमा, के पूजा, पुष्पलता, जेपी वर्मा कालेज की रूबिना पटेल, कविता शर्मा, अंजली साहू, डीएलएस कालेज की नेहा यादव, जेएनपी काले की रोशनी कौशिक, आरती ठाकुर, पातालेश्वर कालेज की मुस्कान, पुष्पलता, सीएम दुबे कालेज की निशा श्रीवास, मेघा तिवारी व संदीपनी कालेज की आभा कुजूर शामिल है।

# युवा नये विचारों से नई इबारत लिखें-कुलपति

## सीयू में दो दिवसीय जीजीवी आइडियाथॉन 2024 का उद्घाटन हुआ

**बिलासपुर**, 18 मार्च (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर (टीईसी) जो भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से वित्तीय सहायता प्राप्त है द्वारा दो दिवसीय (18-19 मार्च) राष्ट्रीय जीजीवी आइडियाथॉन- 2024 का आयोजन किया गया है। आज सुबह 11 बजे रजत जयंती सभागार में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।






उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, चेयरमैन व प्रबंध निदेशक दक्षिण पूर्व कोलफील्ड लिमिटेड बिलासपुर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आवश्यकता अविष्कार की जननी है। उद्देश्य के बिना लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल है। जब तक लक्ष्य निर्धारित नहीं होगा तब तक मति और गति नहीं बन सकती। किसी भी नवाचार एवं नवसृजन के लिए लक्ष्य से प्रेम आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि युवा नये विचारों की खान हैं जिसके माध्यम से वे नई इबारत लिख सकते हैं। इस देश का युवा असीम संभावनवाओं से भरा हुआ है जो 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। नये विचारों को ऊर्जा प्रदान करने में आइडियाथॉन 2024 की अहम भूमिका है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में युवाओं के नये विचारों को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है ताकि युवा पंख फैलाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर उद्यमिताशीलता के साथ मानवीय सरोकारों से जुड़े अविष्कारों का मानक स्थापित कर सकें। विशिष्ट अतिथि एस.एस. बजाज, महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर ने कहा कि नवीन अविष्कारों एवं प्रयोगों से विकसित राष्ट्र का निर्माण होगा। आइडियाथॉन-2024 में भाग लेने वाले प्रतिभागी तथा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के लिए सीजीकॉस्ट सदैव सहयोग एवं समन्वय के लिए तैयार है। इससे पूर्व प्रारंभ में मंचस्थ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर मां सरस्वती एवं बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। तत्पश्चात, अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तंरग बैंड द्वारा सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. अमित कुमार खासकलम ने दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने आइडियाथॉन-2024 के विषय में जानकारी प्रदान की।अतिथियों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव एवं संचालन डॉ. प्रिंसी मतलानी ने किया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी बिलासपुर के मुख्य प्रबंधक कैप्टन वाई श्रीनिवास, विष्णु वैभव द्विवेदी, सीटीओ इनोवेशन एंड टेकनालॉजी आईआईटी भिलाई के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आए 150 से ज्यादा प्रतिभागियों, विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण, अधिकारीगण तथा शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बैंबू क्राफ्ट पर चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

कार्यशाला के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल तथा विशिष्ट के रूप में प्रधान मुख्य वनसंरक्षक राजू अगासीमनी रहे। विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु चार दिवसीय बाम्बू क्राफ्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के 100 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चक्रवाल ने सभी को शुभकामनायेँ प्रेषित करते हुए कहा कि वानिकी विभाग नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। आप सभी अपने अंदर की ऊर्जा को इसी प्रकार सकरात्मक व कलात्मक कार्यों में लगाएं।

राजू अगासीमनी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमें सतत विकास की ओर अग्रसर होना जरूरी है। सरकार वन विभाग की ओर से कई योजनाएं चला रही है. उन्होंने कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए उनके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. भावना दीक्षित एवं डॉ. गुंजन पाटिल हैं। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन प्राकृतिक संसाधन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एस.सी. तिवारी ने तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष प्रो. के.के. चंद्रा ने दिया।

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति बिलासपुर की 69वीं बैठक संपन्न

**बिलासपुर**, 18 मार्च (देशबन्धु)। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 69 वीं बैठक विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की अध्यक्षता में आज ज़ोनल सभाकक्ष, तृतीय तल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में सम्पन्न हुई । बैठक के प्रारंभ में मुख्य राजभाषा अधिकारी शशि प्रकाश द्विवेदी ने अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों तथा मंडलों/कारखानों के सभी सदस्यों और पुरस्कार विजेता कर्मचारियों का स्वागत किया । इस अवसर



पर सर्वप्रथम दिनांक 01 दिसंबर' 2023 को क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी वाक, हिंदी निबंध तथा टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता के 18 विजेता कर्मचारियों को अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू के करकमलों से प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इसके पश्चात उन्होंने प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की ई-पत्रिका जिज्ञासा - कंठस्थ 2.0 अनुवाद टूल पर आधारित विशेषांक का विमोचन किया । इस दौरान अपर महाप्रबंधक ने चैट जी.पी.टी तथा माईक्रोसॉफ्ट को-पाइलट फीचर की मदद से पत्र का मसौदा बनाना, चित्र आधारित व्याख्या प्रक्रिया तथा पोस्टर आदि का डिजाइन बनाने संबंधी जानकारी प्रदान की । इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समर्थित कंठस्थ 2.0 अनुवाद टूल से सरल हिंदी अनुवाद करने के तरीके का भी प्रदर्शन किया गया ।क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 69वीं बैठक के अवसर पर श्री लोकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति पर मदवार आंकड़े प्रस्तुत किये जिस पर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विस्तारपूर्वक चर्चा की । विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान में केंद्र सरकार के प्रशासनिक कामकाज के लिए हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई है । कार्यालयीन कामकाज के दौरान हिंदी के कठिन शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए और जनसाधारण में प्रचलित शब्दों का प्रयोग करना चाहिए । उन्होंने अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में देने, हिंदी में कार्यसाधक सभी कार्मिकों को लक्ष्य के अनुरूप एवं प्रवीणता प्राप्त सभी कार्मिकों को शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रुप से तीन माह के अंतराल में आयोजित करने के निदेश दिए । उन्होंने कहा कि चैट जीपीटी, माक्रोसाफ्ट को-पाइलट आदि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समर्थित टूल्स का उपयोग कर दैनिक कार्यालयीन कामकाज को आसानी से किया जा सकता है । शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि यह बैठक दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के दौरान राजभाषा का प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार संबंधी प्रगति की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गई है । यह ध्यान रखें कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के सभी 14 दस्तावेजों को हिंदी-अंग्रेजी में अवश्य जारी किया जाए । राजभाषा का प्रयोग-प्रसार करना हम सबकी संवैधानिक जिम्मेदारी है । शासकीय कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करना राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए बेहद आवश्यक है ।

उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित अखिल रेल नाट्य प्रतियोगिता में मंचन हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की ओर से बांयेन नामक नाटक भेजा गया जिसमें नाटक दल को प्रेरणा पुरस्कार तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिए श्रीमती प्रियंका फुलझेले, को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 69 वीं बैठक का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया ।

## सार-संक्षेप

### चुनाव सम्पन्न होने तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**बिलासपुर**, 18 मार्च(देशबन्धु)। जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा तिथि के पश्चात आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है जो कि निर्वाचन समाप्ति तिथि तक लागू रहेगी। कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा आदेश जारी करते हुए निर्वाचन जैसे लोक महत्व के कार्य को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की कार्यवाही सम्पन्न होते तक जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय केंद्रीय कार्यालयों एवं भारत सरकार के उपक्रमों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना, किसी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय परित्याग करेंगे। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की दशा में संबंधित कार्यालय प्रमुख या नियंत्रण अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

### शांति समिति की बैठक आज

**बिलासपुर**, 18 मार्च (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन, होली पर्व, गुड फ्राईडे, नवरात्रि, ईद-उल-फितर एवं रामनवमी पर्व को शांति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने, पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में 19 मार्च को शाम 5 बजे मंथन सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### आचार संहिता लगने के दौरान अब शासकीय गेस्ट हाउस भवन में नहीं कर सकेंगे राजनैतिक गतिविधियां

**जांजगीर-चांपा**, 18 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 हो चुकी है एवं आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आदेश जारी किया है कि इस अवधि के दौरान कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रम के पदाधिकारी आदि निर्वाचन प्रचार के कार्य से शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय सर्किट हाऊस, रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस में निर्वाचन प्रचार अथवा राजनैतिक यात्रा के उद्देश्य से न तो ठहर सकते है और न ही वहाँ पर राजनैतिक गतिविधि कर सकते है। पात्रता अनुसार तथा उपलब्धता अनुसार उन्हें सर्किट हाऊस, रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस उपलब्ध कराया जा सकता है, किन्तु इसके लिए उनसे निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाएगी। टेलीफोन हेतु, पृथक रजिस्टर रखा जावे तथा किये गये काल्स की निर्धारित राशि वसूल की जाएगी। भोजन इत्यादि की व्यवस्था नही की जाएगी। किसी प्रकार की राजनैतिक बैठक अथवा विचार विमर्श नहीं करने दिया जाएगा। एक रजिस्टर रखा जावे जिसमें आगन्तुक का नाम, पता, यात्रा का प्रयोजन ली गई राशि, इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाएगा। जब कभी भी निर्वाचन प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी उपरोक्त अभिलेखों की मॉग करते है तो उन्हें रिकार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। शासकीय, अर्द्धशासकीय सर्किट हाऊस, रेस्ट हाऊस, गेस्ट हाऊस, आफिसर्स मेस इत्यादि का आरक्षण, जिला मुख्यालय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर एंव सत्कार अधिकारी जांजगीर-चाम्पा, चाम्पा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाम्पा तथा पामगढ़ मे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पामगढ़ और अन्य स्थानों पर संबंधित तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार द्वारा किया जावेगा। कक्षों के आरक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एंव उनके कार्यालय के अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से संबंधित अन्य अधिकारी को प्राथमिकता निर्धारित की गई है। अत: यह ध्यान रखा जावे कि निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों, प्रेक्षकों आदि के लिए कमरे सदैव आरक्षित रखें जावें। इसके उपरान्त यदि कक्ष उपलब्ध होता है तो अन्य व्यक्तियों को उल्लेखित प्रक्रिया अनुसार कक्ष आरक्षित किया जा सकता है। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया समापन दिनांक तक सम्पूर्ण जांजगीर-चाम्पा जिले में प्रभावशील रहेगा।



# महादेव एप मामले में भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर का चुनाव से कोई संबंध नहीं-साव

### बघेल अनाप-शनाप न बोले

### राज्य सरकार इस मामले में किसी भी प्रकार के राजनैतिक द्वेष वश काम नहीं कर रही




**बिलासपुर**,18 मार्च (देशबन्धु)। महादेव एप मामले में एफआईआर दर्ज होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगाये जा रहे आरोप पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है और कहा है कि यह मामला काफी गंभीर है और राज्य सरकार इस मामले में किसी भी प्रकार के राजनैतिक द्वेष वश काम नहीं कर रही है।

जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा श्री बघेल न्यायालयीन प्रक्रिया में जाएं , अनाप सनाप आरोप न लगाएं । सार्वजनिक बयान बाजी उचित नहीं है। उन्हे न्यायालयीन प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए । जांच एजेंसियां कानून सम्मत कार्य कर रही है। ऐसे मामलो में राजनीति नहीं करनी चाहिए । श्री साव ने कहा कि महादेव एप मामले में जांच तो श्री बघेल के कार्यकाल से शुरू हुआ हैं इसमें गया कुछ नही है और जांच उपरांत ही एफ आई आर हुई है उस पर भी पेट में दर्द हो रहा है । हम भी चाहते है महादेव एप मामले में जो भी दोषी हों उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए। भूपेश बघेल का आरोप सर्वथा बेबुनियाद है ।

कांग्रेस का इतिहास रहा है राजनैतिक दुर्भावना से काम करने का मगर भाजपा और विष्णु देव साय सरकार मोदी की हर गारंटी को पूरा करने में लगी हुई है। राजनैतिक विद्वेष से काम करने की हमारी मंशा कभी नहीं रही है। भूपेश बघेल की सरकार में जनता ने 5 साल देखा है और भोगा है और महसूस किया है। श्री साव ने कहा कि श्री बघेल के खिलाफ एफ आई आर का लोकसभा चुनाव से कोई लेना देना नही है ।

इस मौके पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक,बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ,जिला भाजपा अध्यक्ष रामदेव कुमावत मौजूद थे ।

# ठगों पर कार्रवाई नहीं होने से पुन:एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता

**बिलासपुर**, 18 मार्च (देशबन्धु)। विगत 28 फरवरी को आज़ाद युवा संगठन के बेनर तले ग्राम पंचायत सेमरताल निवासी श्रीमती शिवकुमारी सूर्यवंशी लगभग दो लाख रुपए का ठगी का शिकार हो गई। ग्राम पंचायत सेमरताल निवासी श्रीमती शिवकुमारी सूर्यवंशी को उसी पंचायत के इंद्रजीत सूर्यवंशी पिता जुठेल, गोरेलाल सूर्यवंशी पिता राजा राम, एवं बसदेव सूर्यवंशी पिता सोनसाय द्वारा विगत 7 माह पूर्व शिवकुमारी के घर आकर शिवकुमारी को कहा कि तुमको 25 लाख का ईनाम लगा है । कहकर उसे लगभग 2 लाख रुपए जमा करने की बात कहते हुए उसे बार बार लालच एवं प्रलोभन देते हुए 19 अगस्त 2023 को 18,000, 18 अगस्त को 19,000,एवं 11880, 28 अगस्त को 5000, 24 अगस्त को 20,000, 30 अगस्त को 15,000 आदि एक दिन में दो दो बार ऑनलाइन पेमेंट करते हुए लगभग 2 लाख रुपए का ठगी किया गया। जिसकी शिकायत प्रार्थिया द्वारा थाना कोनी में तीन बार उक्त तीनों व्यक्ति की शिकायत लेकर गई किन्तु थाना कोई द्वारा शिकायत नहीं सुनी गई। पीड़ित महिला की शिकायत को लेकर आजाद युवा संगठन द्वारा एस पी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौपते हुए उक्त तीनों वयक्तियों की गिरफ्तारी कर पूछताछ करते हुए पीड़िता महिला को ठगी की गई राशि वापस करवाने की बात करते हुए ज्ञापन सौपा गया था। जिसके तहत थाना कोनी द्वारा प्रार्थिया को 16।3।23 को बयान के लिये थाना बुलाया गया किन्तु बयान के आधार पर शिवकुमारी का बयान नहीं लिया गया हैं जब कि शिवकुमारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत सेमरताल निवासी इद्रजीत सूर्यवंशी, गोरेलाल सूर्यवंशी एवं बसदेव सूर्यवंशी द्वारा उसे लगातार 25 लाख रुपए का लालच एवं दबाव बनाकर बिभिन्न नबरों एवं अकाउंट नंबर में ऑनलाइन दो लाख रुपए डलवाया गया पेमेंट डालने के कुछ दिनों के भीतर ठग इंद्रजीत सूर्यवंशी द्वारा एक नई मोटरसाइकिल भी खरीदी की गई हैं। फिर भी थाना कोनी द्वारा उक्त तीनों ठगों से कड़ी पूछताछ न कर के उन पर मेहरबान होते दिखाई दे रही हैं। थाना कोनी से न्याय नहीं मिलने से क्षुब्ध हो कर आज पीड़िता पुन: पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए उक्त तीनों वयक्तियों से कड़ी पूछताछ करते हुए उससे ठगी किये दो लाख रुपए दिलाते हुए उक्त ठगों पर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाते हुए ज्ञापन सौंपा गया।



# आक्रोशित परिजन और मोहल्लेवासी उतरे सड़कों पर

### आरोपी को फांसी देने और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

### 3 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म और मौत का मामला




**बिलासपुर**, 18 मार्च (देशबन्धु)। न्यायधानी के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में बीती शाम 3 साल की मासूम से दुष्कर्म और उसकी मौत के मामले में सोमवार दोपहर परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आक्रोशित होकर नेहरू चौक में न्याय की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर तत्काल पुलिस के उच्च अधिकारी सहित टीम मौके पर पहुँच गई और उन्हें समझाईश देने लगी। इस दौरान तहसीलदार अतुल वैष्णव भी मौके पर मौजूद रहे। जहां परिजनों ने पुलिस और प्रशासन के समक्ष न्याय की मांग करते हुए, इस मामले में आरोपी 17 वर्षीय युवक के चाचा के खिलाफ भी अपराध दर्ज करने की मांग की गई जिसने बच्ची को हॉस्पिटल न ले जाकर शहर में यहाँ वहां घुमा रहा था और मामले को छुपाने की कोशिश कर रहा था। वही उसके घर पर भी बुलडोजर चलाने की मांग की गई। साथ पीड़िता के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की फरियाद भी लगाई गई है।

मामले में घण्टों समझाईश के बाद सभी परिजन और आक्रोशित भीड़ वापस लौटी, जिन्हें एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि आरोपी नाबालिग के चाचा को भी हिरासत में ले लिया गया है, वही तहसीलदार अतुल वैष्णव ने बताया कि जो भी अवैध निर्माण किया गया होगा उसकी जांच कर घर तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। वही मुआवजे के लिए भी प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

# चेकिंग के दौरान एफएसटी ने जब्त किया लाखों रुपये कैश, जीएसटी विभाग को सौंपा



**जांजगीर चांपा**, 18 मार्च (देशबन्धु)। वाहन चेकिंग के दौरान स्त्रस्ज्ञ की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया है. आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर स्त्रस्ज्ञ स्स्ज्ञ की टीम गठित की गई है. जो लगातार कार्रवाई कर रही है. जानकारी के मुताबिक खोखरा गांव का रहने वाला अमित कुमार थवाईत कार में कैश लेकर जा रहा था. कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाने पर टीम ने नगद जब्त कर लिया. जिसके बाद कैश जीएसटी विभाग को भेजा दिया गया है. ये कार्रवाई बनारी में की गई है.

NECC

| 19.03.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 421 | 53 | 185 |
| चिल्हर | 5.50 | 68 | 210 |
| डिलीवरी | 436 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188